Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025
## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 25/03/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 239AA के अनुसार, संविधान (69वां संशोधन) अधिनियम, 1991 के लागू होने के बाद, दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

**Ans**
✗ A. नेशनल कैपिटल रीजन ऑफ दिल्ली (National Capital Region of Delhi)
✗ B. एडमिनिस्ट्रेटिव कैपिटल ऑफ इंडिया (Administrative Capital of India)
✗ C. यूनियन स्टेट ऑफ दिल्ली (Union State of Delhi)
✓ D. नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (National Capital Territory of Delhi)

**Q.2** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 32 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 4 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
✗ A. 32
✓ B. 8
✗ C. 24
✗ D. 16

**Q.3** दिसंबर 2025 में, किस देश ने चौथी ब्रिक्स शेरपा मीटिंग (4th BRICS Sherpas Meeting) के समापन सत्र के दौरान आधिकारिक तौर पर BRICS की अध्यक्षता भारत को हस्तांतरित कर दी?

**Ans**
✗ A. दक्षिण अफ्रीका
✓ B. ब्राज़ील
✗ C. चीन
✗ D. रूस

**Q.4** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✓ A. JMP
✗ B. NQU
✗ C. PSW
✗ D. DGK

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.5** दो मित्रों, तुषार और सलिल, की मासिक आय का अनुपात क्रमशः 6 : 7 है और उनमें से प्रत्येक प्रति माह ₹66,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 4 है, तो तुषार की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 80,200
- ✗ B. 1,10,880
- ✗ C. 78,200
- ✓ D. 79,200

**Q.6** उद्देशिका भारत को निम्नलिखित में से क्या घोषित करती है?

**Ans**
- ✗ A. प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, संघीय, लोकतांत्रिक, गणराज्य
- ✗ B. प्रभुत्व संपन्न, संघीय, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य
- ✓ C. प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य
- ✗ D. प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, संघ

**Q.7** निम्नलिखित में से किस स्वतंत्रता सेनानी ने वर्ष 1927 में महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया था?

**Ans**
- ✗ A. ज्योतिराव फुले
- ✗ B. ई.वी. रामास्वामी नायकर
- ✗ C. के. केलप्पन
- ✓ D. बी.आर. अंबेडकर

**Q.8** 12 संख्याओं का योगफल 540 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 45
- ✗ B. 44
- ✗ C. 46
- ✗ D. 43

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S × R - U + N ÷ M' है, तो S का M से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. पुत्री का पुत्र
- ✗ B. भाई का पुत्र
- ✗ C. पुत्र का पुत्र
- ✓ D. बहन का पुत्र

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण कंप्यूटर की बिना क्लांति के निरंतर कार्य करने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है?

**Ans**
- ✗ A. स्पीड (Speed)
- ✗ B. वर्सेटिलिटी (Versatility)
- ✗ C. एक्यूरेसी (Accuracy)
- ✓ D. डिलीजेंस (Diligence)

**Q.11** नवंबर 2025 में, भारत और इज़राइल ने किस बैठक के दौरान रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?

**Ans**
- ✗ A. 20वां भारत-इजराइल रक्षा मंच
- ✗ B. 14वां सामरिक रक्षा शिखर सम्मेलन
- ✓ C. 17वीं भारत-इजराइल संयुक्त कार्य समूह (JWG) बैठक
- ✗ D. 10वीं भारत-इज़राइल रक्षा वार्ता

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** हिल एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम (Hill Areas Development Programme - HADP) भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए किस विधि का उपयोग करता है?

**Ans**
- ✔ A. वानस्पतिक पद्धतियाँ और परिवर्ती सस्य पैटर्न
- ✘ B. मैदानी क्षेत्रों से उच्च उपज देने वाली फसलों का आयात करना
- ✘ C. उन्नत यंत्रीकृत प्रौद्योगिकियों का अनुप्रयोग
- ✘ D. रासायनिक उर्वरकों और पीड़कनाशक इनपुट का उपयोग

**Q.13** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✘ A. UW-XZ
- ✘ B. AC-DF
- ✔ C. RT-VX
- ✘ D. GI-JL

**Q.14** सात व्यक्ति, C, D, E, N, O, P और Q, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। E, N के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O, Q के दाईं ओर किसी स्थान पर तथा D के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। O के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✔ A. तीन
- ✘ B. दो
- ✘ C. चार
- ✘ D. एक

**Q.15** एक विद्यार्थी विडोज़ 11 (Windows 11) में किसी फ़ाइल पर डबल-क्लिक करता है और एक प्रोग्राम तुरंत रन करने लगता है। फाइल कोई डॉक्यूमेंट या इमेज नहीं है, बल्कि प्रत्यक्ष रूप से सॉफ़्टवेयर लॉन्च करती है। निम्नलिखित में से किस फाइल टाइप के ओपेन होने की सबसे अधिक संभावना है?

**Ans**
- ✔ A. .exe
- ✘ B. .mp3
- ✘ C. .txt
- ✘ D. .jpg

**Q.16** 7 cm त्रिज्या और 10 cm ऊँचाई वाले एक बेलनाकार मोम के टुकड़े को पिघलाकर उसी आधार त्रिज्या वाले शंकु में ढाला जाता है। शंकु की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)

**Ans**
- ✘ A. 20 cm
- ✔ B. 30 cm
- ✘ C. 18 cm
- ✘ D. 25 cm

**Q.17** भारतीय संविधान के किस संशोधन ने दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश को विशेष दर्जा प्रदान किया और इसे दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रूप में पुनः नामित किया?

**Ans**
- ✘ A. 71वां संविधान संशोधन
- ✘ B. 70वां संविधान संशोधन
- ✔ C. 69वां संविधान संशोधन
- ✘ D. 68वां संविधान संशोधन

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | एक निश्चित तर्क के अनुसार, 72 का संबंध 22 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 132 का संबंध 37 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 108 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है) |
| Ans | ✗ A. 38<br>✓ B. 31<br>✗ C. 42<br>✗ D. 28 |

| | |
|---|---|
| Q.19 | ‘k’ के किन मानों के लिए $(12x^2 - kx + 27)$ का मान सदैव धनात्मक होगा? |
| Ans | ✓ A. $-36 < k < 36$<br>✗ B. $k > 36$<br>✗ C. $k < -36$<br>✗ D. $-36 \le k \le 36$ |

| | |
|---|---|
| Q.20 | अनुच्छेद 47, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? |
| Ans | ✓ A. पोषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य स्तर को बढ़ाना<br>✗ B. पर्यावरण संरक्षण<br>✗ C. कृषि संगठन<br>✗ D. प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी |

| | |
|---|---|
| Q.21 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'OENI' को '79' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'WASR' को '61' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'QJTD' का कूट क्या होगा? |
| Ans | ✓ A. 71<br>✗ B. 66<br>✗ C. 78<br>✗ D. 62 |

| | |
|---|---|
| Q.22 | भारत के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) का मूल लक्ष्य, 2017-18 के बेसलाइन की तुलना में 2024-25 तक कणिका प्रदूषण (particulate pollution) को कितने प्रतिशत कम करना था? |
| Ans | ✗ A. 40–50%<br>✗ B. 60–70%<br>✓ C. 20–30%<br>✗ D. 10–15% |

| | |
|---|---|
| Q.23 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ गायें, बकरियाँ हैं।<br>कुछ बकरियाँ, कुत्ते हैं।<br>सभी कुत्ते, बाघ हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) सभी कुत्ते, गायें हैं।<br>(II) कुछ बाघ, बकरियाँ हैं। |
| Ans | ✗ A. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं<br>✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है<br>✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है<br>✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |

**Q.24** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'W # A ÷ M – P + I x R ÷ E' हो, तो R का W से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. बहन का पुत्र
- ✗ B. पुत्र का पुत्र
- ✓ C. पुत्री का पुत्र
- ✗ D. भाई का पुत्र

**Q.25** एक समचतुर्भुज के प्रत्येक भुजा की लंबाई 17 cm है और एक विकर्ण 30 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 240 cm2
- ✗ B. 255 cm2
- ✗ C. 510 cm2
- ✗ D. 272 cm2

**Q.26** 2025 में आयोजित किस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के दौरान, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने भारत के जैव प्रौद्योगिकी मिशन में समावेशी भागीदारी और 2030 तक $300 बिलियन की जैव अर्थव्यवस्था प्राप्त करने के लक्ष्य पर बल दिया था?

**Ans**
- ✗ A. राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम (National Biotechnology Awareness Week Programme)
- ✗ B. भारत जैव अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण 2030 आउटरीच कार्यक्रम (India Bioeconomy Vision 2030 Outreach Event)
- ✗ C. वैश्विक बायोटेक नवाचार और सततता शिखर सम्मेलन (Global Biotech Innovation and Sustainability Summit)
- ✓ D. विश्व जैव उत्पाद दिवस-द बायोई3 वे (World Bioproduct Day – The BioE3 Way)

**Q.27** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) द्वारा 16 दिसंबर, 2025 को IRDAI - विनियमित संस्थाओं को उपभोक्ताओं को सेवा तथा लेनदेन संबंधी कॉल करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी नंबर श्रृंखला निर्धारित की गई थी, जिसे 15 फरवरी, 2026 तक लागू किया जाना था?

**Ans**
- ✓ A. 1600 श्रृंखला
- ✗ B. 1400 श्रृंखला
- ✗ C. 1500 श्रृंखला
- ✗ D. 1900 श्रृंखला

**Q.28** यदि $5^{3x + 4} = (5^4)^{105}$ है, तो x का पूर्णांक भाग ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 183
- ✓ B. 138
- ✗ C. 128
- ✗ D. 182

**Q.29** सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G को एक दूसरे के ऊपर रखा जाता है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखें हों। केवल G को C के ऊपर रखा जाता है। केवल E को C और F के बीच रखा जाता है।
केवल D को B के नीचे रखा जाता है।
F के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✗ A. 1
- ✓ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.30 | बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने उच्च-प्रदर्शन वाले जैव-विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 2025 में BioE3 नीति के अंतर्गत किस राज्य के साथ प्रथम केंद्र-राज्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए? | |
| Ans | ✗ A. गुजरात<br>✓ B. असम<br>✗ C. कर्नाटक<br>✗ D. तमिलनाडु | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.31 | निम्नलिखित में से कौन-सा, जल को अवशोषित करके जेल बनाने की क्षमता के कारण सॉस और सूप को गाढ़ा करता है? | |
| Ans | ✗ A. तेल (Oil)<br>✓ B. मंड (Starch)<br>✗ C. चीनी (Sugar)<br>✗ D. लवण (Salt) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.32 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी कागज, पुस्तक हैं। सभी पुस्तक, रबर हैं। कुछ रबर, क्रेयॉन हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ कागज, क्रेयॉन हैं।<br>(II) कुछ पुस्तक, क्रेयॉन हैं। | |
| Ans | ✓ A. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।<br>✗ B. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।<br>✗ C. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।<br>✗ D. निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | पादपों में प्रकाश संश्लेषण के लिए उत्तरदायी प्राथमिक वर्णक कौन-सा है? | |
| Ans | ✗ A. ऐन्थोसाएनिन (Anthocyanin)<br>✓ B. पर्णहरित (Chlorophyll)<br>✗ C. जैन्थोफिल (Xanthophyll)<br>✗ D. वर्णपीतकाभ (Carotenoid) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | विंडोज में, Alt + Tab कीबोर्ड शॉर्टकट का प्राथमिक कार्य क्या है? | |
| Ans | ✗ A. सभी खुले एप्लिकेशंस को मिनिमाइज़ करना<br>✓ B. खुली विंडोज़ के बीच स्विच करना<br>✗ C. वर्तमान में सक्रिय विंडो को बंद करना<br>✗ D. टास्क मैनेजर ओपन करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.35 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा।<br>JVO 5, HTM 11, FRK 17, DPI 23, ? | |
| Ans | ✗ A. AMF 30<br>✗ B. BME 27<br>✗ C. BOG 29<br>✓ D. BNG 29 | |

Q.36 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) D 8 € K K 6 * @ F Y 9 5 L 8 € 7 2 X Y € O & (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से पांचवां होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. €
- ✓ C. @
- ✗ D. 9

Q.37 एक बारंबारता बंटन का माध्य 55 और बहुलक 50 है। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करते हुए आंकड़ों के इस समुच्चय की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✗ A. 53.86
- ✗ B. 54.83
- ✗ C. 54.21
- ✓ D. 53.33

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उदारवादी चरण के दौरान सांप्रदायिक राजनीति पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रुख की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

Ans
- ✗ A. संगठनात्मक भागीदारी को एक ही धार्मिक समुदाय तक सीमित रखा
- ✓ B. अपने कार्यक्रमों और मांगों में एक पंथनिरपेक्ष दृष्टिकोण बनाए रखा
- ✗ C. धार्मिक पहचान के आधार पर राजनीतिक मांगों को स्वीकार किया
- ✗ D. स्वयं को विशिष्ट धार्मिक समुदायों के नेताओं के साथ संरेखित किया

Q.39 लकड़ी के एक घन के किनारे की लंबाई 14 cm है। घन के प्रत्येक फलक से 7 cm त्रिज्या का एक अर्धगोला काटा जाता है। शेष बची हुई संरचना का पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 1800
- ✓ B. 2100
- ✗ C. 2150
- ✗ D. 1950

Q.40 मानसी और नेहा ने 7 : 9 के अनुपात में कुछ धनराशि का निवेश करके साझेदारी में एक व्यवसाय शुरू किया। छह महीने बाद उत्सवी, नेहा के बराबर धनराशि के साथ व्यवसाय में शामिल हुई। एक वर्ष के अंत में प्राप्त लाभ को मानसी, नेहा और उत्सवी के बीच किस अनुपात में वितरित किया जाना चाहिए?

Ans
- ✓ A. 14 : 18 : 9
- ✗ B. 13 : 14 : 8
- ✗ C. 12 : 17 : 8
- ✗ D. 18 : 19 : 10

Q.41 हड़प्पा वास्तुकला के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
गलियाँ और रास्ते सीधे थे तथा एक दूसरे को समकोण पर काटते थे।
गली की नालियाँ, पत्थर की पट्टियों से ढकी होती थीं।

Ans
- ✓ A. I और II दोनों
- ✗ B. केवल I
- ✗ C. केवल II
- ✗ D. न तो I और न ही II

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.42 अशोक द्वारा अपनी धम्म (Dhamma) की नीति का प्रसार करने के लिए नियुक्त किए गए विशेष अधिकारियों को क्या नाम दिया गया था?

Ans
- ✗ A. धम्म लेखक
- ✓ B. धम्म महामत्ता
- ✗ C. धम्म मुखिया
- ✗ D. धम्म जनपद

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सी योजना, कृषि रसायनों के उपयोग के बिना जैविक पद्धतियों के माध्यम से मृदा उर्वरता बढ़ाने और इस प्रकार स्वस्थ भोजन के उत्पादन में सहायता करने का लक्ष्य रखती है?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
- ✗ B. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- ✓ C. परम्परागत कृषि विकास योजना
- ✗ D. प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना

Q.44 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, भारत के किस केंद्र शासित प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक दर्ज की गई?

Ans
- ✓ A. दादरा और नगर हवेली
- ✗ B. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
- ✗ C. पुदुचेरी
- ✗ D. दमन और दीव

Q.45 एक व्यापारी अपने वस्तु पर एक निश्चित मूल्य अंकित करता है और उस पर 10% की छूट देता है। इसके अतिरिक्त, वह एक स्कीम चलाता है जिसमें प्रत्येक 104 वस्तुओं की खरीद पर 16 वस्तुएं मुफ्त दी जाती हैं। यदि उसे संपूर्ण लेन-देन पर 17% का लाभ प्राप्त होता है, तो ज्ञात कीजिए कि वस्तु का अंकित मूल्य, उसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है। मान लीजिए कि ग्राहक केवल 104 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है।

Ans
- ✗ A. 44%
- ✓ B. 50%
- ✗ C. 53%
- ✗ D. 60%

Q.46 वीर के पास ₹1404 हैं। वह इस राशि को अपने दो बेटों, नितिन और प्रवीण के बीच बाँट देता है और उन्हें अपने-अपने हिस्से को 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश करने के लिए कहता है। यह पाया जाता है कि नितिन द्वारा निवेश की गई राशि 19 वर्षों में और प्रवीण द्वारा निवेश की गई राशि 20 वर्षों में, बराबर हो जाती है। वीर ने प्रवीण को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✓ A. 675
- ✗ B. 829
- ✗ C. 525
- ✗ D. 729

Q.47 निम्न में से किसने नवंबर 2025 में वर्जीनिया की पहली मुस्लिम और दक्षिण एशियाई अमेरिकी निर्वाचित लेफ्टिनेंट गवर्नर बनकर इतिहास रचा?

Ans
- ✗ A. सुहास सुब्रमण्यम (Suhas Subramanyam)
- ✓ B. ग़ज़ाला हाशमी (Ghazala Hashmi)
- ✗ C. प्रमिला जयपाल (Pramila Jayapal)
- ✗ D. ज़ीशान सिद्दीकी (Zeeshan Siddiqui)

| | | |
|---|---|---|
| Q.48 | एक नाव धारा के विपरीत दिशा में 20,000 m और धारा के अनुदिश दिशा में 44,000 m की दूरी 8 घंटे में तय करती है, जबकि धारा के विपरीत दिशा में 15,000 m और धारा के अनुदिश दिशा में 22,000 m की दूरी 5 घंटे में तय करती है। शांत जल में नाव की चाल कितनी है? | |
| Ans | ✔ A. $2\frac{2}{9}$ m/s<br>✗ B. $3\frac{4}{9}$ m/s<br>✗ C. $2\frac{1}{9}$ m/s<br>✗ D. $3\frac{2}{9}$ m/s | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.49 | रमेश, सीमा और शनाया ने क्रमशः ₹1230, ₹1710 और ₹1010 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1580 है, तो लाभ में शनाया का हिस्सा कितना है? | |
| Ans | ✗ A. ₹407<br>✗ B. ₹403<br>✗ C. ₹405<br>✔ D. ₹404 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.50 | महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों के क्षेत्र में अपने अग्रणी कार्यों के लिए किसे "भारतीय नारीवाद की जननी" के रूप में जाना जाता था? | |
| Ans | ✗ A. पंडिता रमाबाई<br>✔ B. सावित्रीबाई फुले<br>✗ C. एनी बेसेंट<br>✗ D. रुखमाबाई | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.51 | साधारण ब्याज पर कोई धनराशि किस वार्षिक दर से 11 वर्षों में स्वयं की पांच गुनी हो जाएगी? | |
| Ans | ✔ A. $36\frac{4}{11}\%$<br>✗ B. $72\frac{8}{11}\%$<br>✗ C. $38\frac{8}{11}\%$<br>✗ D. $34\frac{4}{11}\%$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.52 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>60 A 6 C 3 B 5 D 8 = ? | |
| Ans | ✔ A. 17<br>✗ B. 15<br>✗ C. 14<br>✗ D. 16 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.53 | 2025 में, किस राज्य में वन-स्टॉप सेंटर (One-Stop Centres) थे जिन्होंने लगभग 2.39 लाख महिलाओं की सहायता की? | |
| Ans | ✔ A. उत्तर प्रदेश<br>✗ B. बिहार<br>✗ C. गुजरात<br>✗ D. महाराष्ट्र | |

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, उत्तर-पश्चिम में भारत का सबसे निकटतम पड़ोसी है?

Ans
- ✗ A. नेपाल
- ✓ B. पाकिस्तान
- ✗ C. भूटान
- ✗ D. चीन

Q.55 संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद प्रशासक को केंद्र शासित प्रदेशों में विधानमंडल के अवकाश के दौरान अध्यादेश जारी करने का अधिकार देता है?

Ans
- ✗ A. 239AA
- ✓ B. 239B
- ✗ C. 239
- ✗ D. 241

Q.56 आगरा के निकट 16वीं शताब्दी CE के किस विरासत स्थल को सम्राट अकबर ने एक नियोजित राजधानी शहर के रूप में अधिकृत किया था?

Ans
- ✓ A. फतेहपुर सीकरी
- ✗ B. ताजमहल
- ✗ C. अकबर का मकबरा
- ✗ D. आगरा किला

Q.57 एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। उसको 82 पृष्ठ टाइप करने के लिए कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 1650
- ✓ B. 1640
- ✗ C. 1645
- ✗ D. 1630

Q.58 मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य ____________ है।

Ans
- ✗ A. करों का अपवंचन करना
- ✗ B. रोजगार को अधिकतम करना
- ✓ C. मूल्य स्थिरता बनाए रखना
- ✗ D. चुनाव के लिए धन जुटाना

Q.59 $\dfrac{(2.33)^3+(1.55)^3+(1.22)^3-3\times 2.33\times 1.55\times 1.22}{(2.33)^2+(1.55)^2+(1.22)^2-3.6115-2.8426-1.891}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5.3
- ✓ B. 5.1
- ✗ C. 5
- ✗ D. 5.2

Q.60 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। B सबसे ऊपरी तल पर रहता है। B और D के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। F, A के ठीक ऊपर और E के ठीक नीचे रहता है। F और C के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. दो
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. एक

**Q.61** अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से WELD का संबंध YHPI से है। उसी प्रकार, AKTN का संबंध CNXS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, EQBX का संबंध निम्न में से किससे है?

**Ans**
- ✔ A. GTFC
- ✗ B. HSED
- ✗ C. FUDB
- ✗ D. GUED

**Q.62** यदि संख्या 7834126 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✔ B. दो
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

**Q.63** एक माली स्वचालित स्प्रे का उपयोग करके पौधों की तीन पंक्तियों में पानी देता है। स्प्रे A प्रत्येक 12 मिनट में, स्प्रे B प्रत्येक 15 मिनट में और स्प्रे C प्रत्येक 20 मिनट में सक्रिय होता है। यदि तीनों स्प्रे पहली बार 9:45 AM पर एक साथ सक्रिय होते हैं, तो छठी बार (प्रारंभ में एक साथ सक्रिय होने को शामिल करते हुए) वे किस समय एक साथ सक्रिय होंगे?

**Ans**
- ✗ A. 1:45 PM
- ✗ B. 2:55 PM
- ✗ C. 2:25 PM
- ✔ D. 2:45 PM

**Q.64** नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
12 – 24 – 44 – 74; 18 – 36 – 56 – 86

**Ans**
- ✗ A. 8 – 24 – 44 – 74
- ✗ B. 10 – 20 – 40 – 80
- ✗ C. 17 – 34 – 44 – 74
- ✔ D. 15 – 30 – 50 – 80

**Q.65** सात व्यक्ति F, G, H, I, V, W और X एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। V, H के बाएँ चौथे स्थान पर बैठा है। H, W के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। W और X के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, I के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। I के बाएँ से गिनने पर, F और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✔ D. दो

**Q.66** यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 50 है, तो (9x + 7y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 8 | 18 | x | 2 | y | 52 |

**Ans**
- ✗ A. 166
- ✔ B. 184
- ✗ C. 193
- ✗ D. 191

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.67 एक समकोण त्रिभुज में, यदि कोण θ की सम्मुख भुजा और उसकी आसन्न भुजा की लंबाई क्रमशः 7 cm और 21 cm है, तो tanθ का मान कितना होगा?

Ans
✗ A. $\frac{1}{21}$
✗ B. $\frac{2}{21}$
✓ C. $\frac{1}{3}$
✗ D. $\frac{1}{7}$

Q.68 F, G, H, I, M, N और O में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। I और O के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। O की परीक्षा सप्ताह के आखिरी दिन होती है। F और H के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। N की परीक्षा M से ठीक एक दिन पहले होती है। G की परीक्षा शुक्रवार को नहीं होती है। G और N के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
✗ A. चार
✗ B. एक
✗ C. दो
✓ D. तीन

Q.69 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सिस्टम सॉफ्टवेयर का सर्वोत्तम प्रतिनिधित्व करता है?

Ans
✗ A. गेम खेलने के लिए उपयोग किया जाने वाला सॉफ्टवेयर
✗ B. कस्टम प्रोजेक्ट डिज़ाइन करने के लिए उपयोग किया जाने वाला सॉफ्टवेयर
✓ C. कंप्यूटर के सभी आंतरिक कार्यों को नियंत्रित करने वाला सॉफ्टवेयर
✗ D. प्रेजेंटेशन तैयार करने के लिए उपयोग किया जाने वाला सॉफ्टवेयर

Q.70 केंद्र A वाले एक वृत्त में, 18 cm लंबी एक जीवा केंद्र से 12 cm की दूरी पर स्थित है। व्यास की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 28 cm
✓ B. 30 cm
✗ C. 32 cm
✗ D. 38 cm

Q.71 48 पुस्तकों का क्रय मूल्य, 36 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✗ A. 39.84%
✗ B. 22.18%
✗ C. 36.23%
✓ D. 33.33%

Q.72 एक रेसिपी के अनुसार, 4 वफल बनाने के लिए 680 g मक्खन की आवश्यकता होती है। 17 वफल बनाने के लिए मक्खन की कितनी मात्रा की आवश्यकता होगी?

Ans
✗ A. 2650 g
✗ B. 3120 g
✗ C. 2930 g
✓ D. 2890 g

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.73 कौन-सी भिन्न, सरलतम रूप में $\left(0.\overline{5}+0.1\right)$ के बराबर है?

Ans
- ✗ A. $\frac{78}{89}$
- ✗ B. $\frac{51}{91}$
- ✗ C. $\frac{71}{69}$
- ✓ D. $\frac{59}{90}$

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा पादप ऊतक सरल ऊतक का एक प्रकार नहीं है?

Ans
- ✗ A. दृढ़ ऊतक (Sclerenchyma)
- ✗ B. मृदूतक (Parenchyma)
- ✗ C. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma)
- ✓ D. जाइलम (Xylem)

Q.75 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

99 124 140 149 153 ?

Ans
- ✓ A. 154
- ✗ B. 164
- ✗ C. 166
- ✗ D. 152

Q.76 पद्म श्री पुरस्कार विजेता रानी कर्ण ने निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली का प्रतिपादन किया था?

Ans
- ✗ A. कुचीपुडी
- ✗ B. कथकली
- ✓ C. कथक
- ✗ D. ओडिसी

Q.77 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : BYU :: GDZ : %

Ans
- ✗ A. # = JGC , % = YUS
- ✗ B. # = JGB , % = XUQ
- ✓ C. # = JGC , % = YVR
- ✗ D. # = JIE , % = YVR

Q.78 16 + 20 ÷ 5 - 2 × 4 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 11
- ✗ B. 14
- ✓ C. 12
- ✗ D. 15

| | |
|---|---|
| Q.79 | निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?<br><br># : NXF :: JTB : % |
| Ans | ✗ A. # = DMU % = UEM<br>✗ B. # = CMU % = UEN<br>✗ C. # = CNU % = UEM<br>✓ D. # = CMU % = UEM |

| | |
|---|---|
| Q.80 | निम्नलिखित में से कौन-सा, वास्तविक जनसंख्या वृद्धि का घटक नहीं है? |
| Ans | ✗ A. मृत्यु दर<br>✗ B. आप्रवासन<br>✗ C. जन्म दर<br>✓ D. शहरीकरण दर |

| | |
|---|---|
| Q.81 | मानव यकृत् और पेशियों के ऊतकों में स्टोर ऊर्जा मुख्यत: किस कार्बोहाइड्रेट के रूप में होती है? |
| Ans | ✗ A. सेल्यूलोस<br>✗ B. स्टार्च<br>✓ C. ग्लाइकोजन<br>✗ D. सुक्रोस |

| | |
|---|---|
| Q.82 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'TOUR' को '3894' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'AUTO' को '5489' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या है? |
| Ans | ✓ A. 5<br>✗ B. 9<br>✗ C. 4<br>✗ D. 8 |

| | |
|---|---|
| Q.83 | समूह A में 52 सदस्य, समूह B में 22 सदस्य और समूह C में 36 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्तरां में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य द्वारा खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹420, ₹437 और ₹101 है। प्रति सदस्य खर्च की गई समग्र औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 323<br>✗ B. 320<br>✓ C. 319<br>✗ D. 322 |

| | |
|---|---|
| Q.84 | जुलाई 2025 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री के वक्तव्य अनुसार, किस केंद्र प्रायोजित योजना का उद्देश्य विकास संबंधी कमी को दूर करने के लिए अल्पसंख्यक केंद्रित क्षेत्रों (Minority Concentration Areas - MCAs) में सामुदायिक अवसंरचना का निर्माण करना है? |
| Ans | ✗ A. पढ़ो परदेश<br>✓ B. प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK)<br>✗ C. सीखो और कमाओ<br>✗ D. प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.85** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) S * & € L £ O & £ £ S # T * © M @ Y T $ L £ (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 8
- ✗ C. 7
- ✓ D. 6

**Q.86** ईंधन की कीमत लगातार तीन महीनों में 30%, 20% और 50% घटती है, लेकिन चौथे महीने में 40% बढ़ जाती है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में इसकी मूल कीमत की तुलना में कितना प्रतिशत वृद्धि या कमी हुई है?

Ans
- ✗ A. 55.4% की वृद्धि
- ✗ B. 63.2% की वृद्धि
- ✓ C. 60.8% की कमी
- ✗ D. 57.2% की कमी

**Q.87** दो व्यक्ति, A और B, 400 मीटर लंबाई के एक वृत्ताकार ट्रैक पर एक ही बिंदु से विपरीत दिशाओं में दौड़ना प्रारंभ करते हैं। A की चाल 6 m/s और B की चाल 4 m/s है। वे पहली बार कितने सेकंड में मिलेंगे?

Ans
- ✓ A. 40 सेकंड
- ✗ B. 50 सेकंड
- ✗ C. 30 सेकंड
- ✗ D. 20 सेकंड

**Q.88** कोपेन जलवायु के किस उप-प्रकार की पहचान, लघु आर्द्र ऋतु और दीर्घ, कठोर शुष्क अवधि से की जाती है?

Ans
- ✗ A. BSh जलवायु उप-प्रकार
- ✗ B. Am जलवायु उप-प्रकार
- ✓ C. Aw जलवायु उप-प्रकार
- ✗ D. Af जलवायु उप-प्रकार

**Q.89** दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

LJL 62 IGI 54 FDF 46 CAC 38 ?

Ans
- ✗ A. ZWY 29
- ✗ B. ZHQ 29
- ✓ C. ZXZ 30
- ✗ D. ZYY 30

**Q.90** संविधान (95वाँ संशोधन) अधिनियम, 2009 के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और आंग्ल-भारतीय के लिए सीटों के आरक्षण को कितने वर्षों के लिए बढ़ाया गया है?

Ans
- ✗ A. पंद्रह वर्ष
- ✗ B. पाँच वर्ष
- ✓ C. दस वर्ष
- ✗ D. बीस वर्ष

Q.91 एक दुकानदार अपना सामान 35% की हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन एक सदोष तुला का उपयोग करता है और 55% का लाभ अर्जित करता है। वह 1 kg के स्थान पर वास्तविक रूप से कितने वजन (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) का उपयोग करता है?

Ans
- ✗ A. 420.8 gm
- ✗ B. 417.9 gm
- ✗ C. 417.6 gm
- ✓ D. 419.4 gm

Q.92 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
35 36 40 49 65 ?

Ans
- ✗ A. 89
- ✓ B. 90
- ✗ C. 92
- ✗ D. 81

Q.93 निम्नलिखित समीकरणों के निकाय को सरल कीजिए।

$$x + 2y + 4z = 14$$
$$x + 2y + z = 7$$
$$2x + y + 2z = 2$$

Ans
- ✗ A. $x = -\frac{11}{3}, y = 3, z = \frac{7}{3}$
- ✗ B. $x = -\frac{10}{3}, y = 4, z = \frac{8}{3}$
- ✗ C. $x = -\frac{10}{3}, y = 3, z = \frac{7}{3}$
- ✓ D. $x = -\frac{10}{3}, y = 4, z = \frac{7}{3}$

Q.94 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं ही की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 6 2 @ # & * % ~ 7 = Ω 1 8 ? £ $ 4 3 5 + 9 (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. तीन

Q.95 शरद बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 47 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, और 49 km चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 51 km चलता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 53 km चलता है। अंत में वह फिर दाएँ मुड़ता है और 4 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुन: पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ 90-डिग्री के हैं।)

Ans
- ✓ A. पश्चिम की ओर 4 km
- ✗ B. पश्चिम की ओर 2 km
- ✗ C. पश्चिम की ओर 1 km
- ✗ D. पश्चिम की ओर 3 km

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.96** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: पाँच बहनें - कृति, लीना, मोना, पूजा और रीमा - की आयु अलग-अलग है।
सबसे छोटी कौन है?
(I) लीना, कृति से बड़ी है लेकिन मोना से छोटी है।
(II) पूजा, कृति से बड़ी है लेकिन लीना से छोटी है।

Ans
- ✔ A. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✘ B. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✘ C. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✘ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)।

**Q.97** गुफाओं से संबंधित भारतीय वास्तुकला की एक महत्वपूर्ण विशेषता क्या है?

Ans
- ✘ A. निर्माण में संगमरमर का उपयोग
- ✘ B. गगनचुंबी इमारतों का विकास
- ✘ C. यूरोपीय वास्तुकला का प्रभाव
- ✔ D. धार्मिक प्रयोजनों के लिए गुफाओं का उत्खनन

**Q.98** किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध 82 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 17 का संबंध 290 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 33 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✘ A. 1060
- ✘ B. 1070
- ✔ C. 1090
- ✘ D. 1080

**Q.99** निम्नलिखित में से कौन-सी सिंचाई विधि, इष्टतम नमी नियंत्रण और दक्षता के लिए उत्सर्जकों (emitters) का उपयोग करके सीधे जड़ों तक जल पहुँचाती है?

Ans
- ✘ A. ओवरहेड
- ✘ B. स्प्रिंकलर
- ✘ C. बाढ़
- ✔ D. ड्रिप

**Q.100** मध्य पुरापाषाण काल के दौरान भारत में शल्क उपकरण (flake tools) बनाने के लिए मुख्य रूप से किस तकनीक का उपयोग किया जाता था?

Ans
- ✔ A. लेवलोइस तकनीक (Levallois technique)
- ✘ B. दाब शल्कन (Pressure flaking)
- ✘ C. आघात विधि (Percussion method)
- ✘ D. ब्लेड-टूल प्रौद्योगिकी (Blade-tool technology)

Prepp Your Personal Exam Guide